सफाई अभियान का लिया जायजा

नगर के कई मोहल्लों में कराया गया सेनेटाइजेशन



निगरानी समिति से वार्ता करते नगर आयुक्त व खाद्य निरीक्षक

शाहजहांपुर। नगर के मोहल्ला अलीजई की निगरानी समिति के अध्यक्ष सत्तार, आशा वर्कर नगमा परवीन, नीरज मौर्य, नन्हें लाल, खाद्य निरीक्षक राजमंगल की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया गया तथा २५ प्रवासी मजदूरों का सर्वे किया गया। जिसमें छः मजदूर बाहर से आए थे, जिनको दवा की किट दी गई। नगर आयुक्त संतोष शर्मा की देखरेख में नगर के मोहल्ला सुभाषनगर, कलेक्ट्रेट, ताजूखेल, मदराखेल, मुल्ला खेल, ब्रजबिहार कालोनी में सैनेटाइजेशन कराया गया तथा इस मौके पर खाद्य निरीक्षक पवन कुमार व सफाई निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित, राजमंगल मौजूद रहे। इसके अलावा मेहमान शाह, खलीलशर्की, चौभुर्जी, मोहम्मदजई, महमंद जंगला, साउथ सिटी, जिला अस्पताल, श्मशान घाट, दीवान जोगराज, दलेलगंज, गाड़ीपुरा, फत्तेपुर रेती, अहमदपुर रेती, बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविंदगंज, अजीजगंज, हनुमत धाम, रैन बसेरा पर हो रही सफाई का निरीक्षण नगर आयुक्त संतोष शर्मा व उनकी सहयोगी टीम ने किया।